दिनांक : 19/05/2026 समय :7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज इटली पहुंचेंगे। व्यापार और निवेश को लेकर होगी चर्चा।
- मध्यक्षेत्रीय परिषद की बैठक बस्तर में आज। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे अध्यक्षता। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी होंगे शामिल।
- इंदौर में आज से ब्रिक्स उद्यमिता कार्य समूह का सम्मेलन। केन्द्रीय राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे करेंगी शुभारंभ।
- आईपीएल क्रिकेट में कल सनराइजर्स हैदराबाद ने चैन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री - इटली यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में आज इटली की दो दिन की यात्रा पर रोम पहुंचेंगे। यह यात्रा इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण हो रही है। श्री मोदी प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वे इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला से भी मुलाकात करेंगे। श्री मोदी, भारत और इटली के के बीच व्यापार और निवेश को और बढ़ावा देने के लिए व्यापारिक प्रमुखों से भी बातचीत करेंगे।

इसके पूर्व कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओस्लो में आयोजित भारत-नॉर्वे व्यापार और अनुसंधान शिखर सम्मेलन में भाग लिया। क्राउन प्रिंस हाकॉन और नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गहर स्टोर भी इस शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते-टीईपीए के लागू होने के बाद द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में हुई वृद्धि की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों को व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते के अंतर्गत 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश लक्ष्य को प्राप्त करने और भारत में दस लाख रोजगार सृजित करने के लिए प्रयास करने चाहिए।

बैठक- केंद्रीय गृह मंत्री

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और मध्य क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष अमित शाह आज छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26 वीं बैठक में हिस्सा लेंगे। वे इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में मध्यप्रदेश सहित उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्य हिस्सा लेंगे, जो परिषद में शामिल हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार इस बैठक की मेजबानी कर रही है। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के मध्य तथा राज्यों के बीच आपसी मामलों पर विचार-विमर्श कर उनके सौहार्दपूर्ण निपटारा करना है। इस बैठक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

नक्सल मुक्त प्रदेश- सम्मान - केंद्रीय गृह मंत्री

मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल छत्तीसगढ़ स्थित बस्तर के बादल अकादमी में आयोजित "उजर बस्तर" कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, मध्यप्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों एवं हॉक फोर्स के अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया। मध्यप्रदेश पुलिस को यह सम्मान बालाघाट एवं छत्तीसगढ़ सीमा से लगे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सफल एंटी नक्सल ऑपरेशन्स, प्रभावी अंतरराज्यीय समन्वय, मजबूत खुफिया नेटवर्क, दुर्गम क्षेत्रों में सतत अभियान संचालन तथा सुरक्षा एवं विकास आधारित पुलिसिंग मॉडल को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रदान किया गया।

रिफॉर्म एक्सप्रेस- केंद्रीय कृषि मंत्री

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कल नई दिल्ली में किसानों, व्यापारियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाने संबंधी कई बड़े सुधारों की समीक्षा की। इस अवसर पर श्री चैहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "रिफॉर्म एक्सप्रेस" के तहत कृषि क्षेत्र में सुधारों को तेज किया जाएगा, बैठक में कृषि मंत्री ने यह बताया कि प्राकृतिक खेती और उसके साथ उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए आगामी 1 जून से 15 दिनों तक पूरे देश में "खेत बचाओ अभियान" चलाया जाएगा।

ब्रिक्स सम्मेलन-इंदौर

इंदौर में आज से ब्रिक्स उद्यमिता कार्य समूह का तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे करेंगी। सम्मेलन के दौरान आयोजित बैठकों में ब्रिक्स समूह के 5 सदस्य देशों के प्रतिनिधि युवा विकास, उद्यमिता, नवाचार एवं तकनीक आधारित अवसरों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर शासकीय विभाग और औद्योगिक इकाईयों की नवाचार, औद्योगिक विकास, स्टार्टअप एवं तकनीक आधारित पहल की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। सम्मेलन के दूसरे दिन 20 मई को सदस्य देश अपने देशों के उद्यमिता पारिस्थितिक तंत्र, नवाचार और युवा उद्यमिता पहल की जानकारी साझा करेंगे। अंतिम दिन 21 मई को उद्यमिता क्षमता और नेतृत्व विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन होगा।

व्हाट्सएप चेटबॉट- ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कल कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित व्हाट्सएप चेटबॉट प्रचार अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिये सोलर एनर्जी का इस्तेमाल आज की महती आवश्यकता है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिये महत्वपूर्ण है।

राज्य वित्त आयोग-दौरा

छठवां राज्य वित्त आयोग 20 एवं 21 मई को ग्वालियर एवं चंबल संभाग के दौरे पर रहेगा। इस दौरान आयोग स्थानीय स्वशासी संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा आर्थिक स्वावलंबन के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से सुझाव प्राप्त करेगा। आयोग की टीम आज शाम ग्वालियर पहुंचेगी। आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया, सदस्य के.के. सिंह तथा सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार कल ग्वालियर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़, पारदर्शी और आत्मनिर्भर बनाने के उपायों पर चर्चा की जाएगी।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से जयपुर में शाम साढ़े सात बजे से होगा। इसके पहले कल हुए मैच के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह बना ली। चेन्नई में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए। कार्तिक शर्मा ने सबसे अधिक 44 रन बनाए। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने तीन और साकिब हुसैन ने दो विकेट लिए। जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद ने 19 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

हॉकी इंडिया-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हॉकी इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने कल भोपाल में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को हॉकी का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल, राज्यमंत्री, रक्षा निखिल खडसे कल आगरमालवा जिले के प्रवास पर जिले के नलखेड़ा स्थित विश्वप्रसिद्ध पीताम्बरा सर्व सिद्धपीठ माँ बगलामुखी के दर्शन करेंगीं।
- धार सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कल जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं रेलवे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।
- कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने कल कलेक्ट्रेट कार्यालय में मृत शासकीय कर्मचारियों के आश्रित परिवारजनों 05 वर्ष के वेतन के बराबर राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए।
- गुना,जिला प्रशासन की सहभागिता से गेल-विजयपुर संयंत्र में कल दोपहर 3 बजकर 30 मिनट पर संयुक्त रूप से ऑफ-साइट आपातकालीन मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।
- कटनी कलेक्टर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और पुनर्वास के लिए जिले में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति का पुनर्गठन किया है।
- इंदौर में हर सोमवार आयोजित होने वाली टीएल बैठक अब वर्चुअली माध्यम से आयोजित की जाएगी।
- डिंडोरी में जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रचार-प्रसार के लिये एलईडी प्रचार रथ रवाना किया गया।
- एनटीपीसी विंध्याचल में आयोजित विंध्याचल प्रीमियर लीग में विंध्याचल वॉरियर्स ने विंध्याचल स्ट्राइकर्स को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

------------